## सार-समाचार

### वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**बीकानेर**, (कासं)। 1 राज. आर.एण्ड.वी. स्क्वाड्रन एन.सी.सी. वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर द्वारा 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शनिवार से आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कंमाडिंग ऑफिसर कर्नल डॉ. देवेन्द्र सिंह दुहन ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, समन्वय, एकता, समूह गतिविधियां अदि गुणों को प्रशिक्षणों के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। कर्नल दुहन ने इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में महिला एन.सी.सी. कैडेट्स की अधिक संख्या में भागीदारी देखते हुए प्रसन्नता जाहिर की। कर्नल दुहन बताया कि शनिवार से आयोजित इस शिविर में कैडेट्स हेतु ड्रिल, व्याख्यान, खेल-कूद, योग एवं निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित की जा रही है। वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर एन.सी.सी. यूनिट द्वारा आयोजित इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में वेटरनरी महाविद्यालय के साथ-साथ वनस्थली विद्यापीठ, रोहड्, बोबासर केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, डूंगर कॉलेज, डेयरी महाविद्यालय, बीकानेर एवं विभिन्न स्कूलों के कुल 331 जूनियर एवं सीनियर कैडेट्स भाग ले रहे है। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आयोजन में ए.एन.ओ. डॉ. सुनीता चौधरी, सी.टी.ओ. डॉ. अमित चौधरी, जे.सी.ओ. संजय यादव सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बीकानेर**, (कासं)। महिला अधिकारिता विभाग एवं डीएचईडबल्यू के संयुक्त तत्वावधान में 'मिशन शक्ति' 100 दिवसीय जगरूकता अभियान के तहत मंगलवार को महिलाओं से संबंधित योजनाओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीकानेर पंचायत समिति सभागार में हुआ। जागरूकता कार्यक्रम में बीकानेर ब्लॉक की साथिन एवं अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही। डीएचइडबल्यू के जेण्डर स्पेशलिट पवन कुमार ने इन्दिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन एवं पी.सी.पी.एन.डी. एक्ट, पीबीएम परिसर में संचालित सखी सेन्टर, महिला हेल्पलाइन नं. 181 तथा बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना की जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं के बारे में प्रचेता विजय लक्ष्मी जोशी ने बताया। उन्होंने उड़ान योजना के बारे में बताया तथा इस योजना के लिए पात्र महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यशाला में पर्यवेक्षक रश्मि कल्ला, आईएमएसके काउंसलर सुमन सोनी सहित कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### फांसी के फंदे पर झूला व्यक्ति

**बीकानेर**, (कासं)। शहर के बीछवाल थाना क्षेत्र में एक जने ने आत्महत्या कर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। जानकारी मिली हैं कि इन्द्रा कॉलोनी निवासी समीर ने अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गया। जिसे नीचे उतारकर परिजन पीबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसको लेकर मृतक के भाई महबूब अली ने मर्ग दर्ज करवाते हुए बताया कि उसका भाई समीर अली घर के कमरे में आराम करने का कह कर चला गया। थोड़ी देर बाद जब उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो वो अन्दर से बंद मिला। काफी पुकारने के बाद भी जब अन्दर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा तोड़कर देखा की उसने पंखे से फंदा लगाकर फांसी लगा ली है।

### सीए दिवस के कार्यक्रम का समापन

**बीकानेर**, (कासं)। दि इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया की बीकानेर ब्रांच के अध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद ने बताया कि 11 दिन के सीए दिवस के कार्यक्रम का समापन आज शाम को टीएम ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या के साथ समापन हुआ इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज सीनियर सदस्यों का सम्मान किया गया जिसमें सीए अमित फुटेला सीए निर्मल कुमार सारडा सीए नंद किशोर गोयल सीए रंजीता चांडक का सम्मान किया गया इसी के साथ सीए सदस्यों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक परिस्थितियों दी गई। इस कार्यक्रम में ब्रांच उपाध्यक्ष सीए हेतराम पूनिया ब्रांच सचिव सीए अभय शर्मा ब्रांच कोषाध्यक्ष सीए मुकेश शर्मा ब्रांच कार्यकारिणी सदस्य सीए अंकुश चोपड़ा सीए हीरालाल तिवारी सीए मानक चंद कोचर सीए राजीव एरन सीए विनोद कुमार दमानी सीए धीरेंद्र सोनी सीए राकेश जाखड़ सीए वीरेंद्र सुराणा सीए मनमोहन मोदी सीए कुशल दफ्तरी अन्य सीए सदस्य व उनके पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे।

### करंट से काश्तकार की मौत

**बीकानेर**, (कासं)। खेत में डिग्गी के नजदीक काम कर रहे एक काश्तकार की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। इस आशय की मर्ग रिपोर्ट मृतक के पिता लूणकरनसर के भाडेरा के नजदीक 251 आरडी निवासी राजाराम पुत्र केशराराम ने लूणकरनसर पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक उसका पुत्र हरदीप खेत में बनी डिग्गी के नजदीक काम कर रहा था। इसी दरम्यान उसका हाथ बिजली के खम्भे पर लगे तार को छू गया। करंट गने

# कांग्रेस सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है : शिमला नायक

**बीकानेर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक और चुनाव समीक्षा बैठक आज जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत की अध्यक्षता में संपन्न हुई संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया की राय समय पर शुरू हुई बैठक लगभग 4 घंटे चली सभी की बातों को सुझावों को ध्यान से सुना गया और बिना आरोप प्रत्यारोप शांति पूर्ण तरीके से अनुशासन के साथ बैठक सम्पन्न हुई

बैठक में आए विचारों और बातों को सुनने के बाद अनूपगढ़ विधायक प्रदेश महासचिव प्रभारी बीकानेर शहर

- **शहर जिला कांग्रेस की लोकसभा चुनाव समीक्षा बैठक आयोजित**

**अनूपगढ़ विधायक प्रदेश महासचिव प्रभारी बीकानेर शहर कांग्रेस शिमला नायक ने शहर जिला कांग्रेस की लोकसभा चुनाव समीक्षा बैठक को संबोधित किया।**

कांग्रेस शिमला नायक ने कहा की कांग्रेस पार्टी सबसे अच्छी और सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है सत्य अहिंसा, और गांधीवादी तरीके से आम अवाम गरीब मजदूर शोषित और पिछड़ों की आवाज को अगर बुलंद करने की ताकत किसी में है तो कांग्रेस पार्टी में है हमे गर्व है की हम इस पार्टी के मजबूत योद्धा है क्योंकि आज कांग्रेस में है वो सच्चा कार्यकर्ता ही है जिसको कांग्रेस से प्रेम है जिसको वो अपनी मां मानता है और वो जानता है की हिंदुस्तान के सर्वधर्म समभाव और अखंडता को कोई बचाए रख सकती है तो वो कांग्रेस पार्टी है नायक ने कहा की आप लोगो ने जिस बेबाकी और निडरता से पार्टी को मजबूत करने के लिए जो बाते आज मेरे समक्ष रखी है उसकी रिपोर्ट मे आलकमान के समक्ष रखूंगी और विश्वास दिलाती हु की ईमानदारी के साथ निष्पक्ष तरीके से रखूंगी मेरे लिए पार्टी महत्वपूर्ण है और आप भी मान लीजिए जिसके लिए पार्टी महत्वपूर्ण होती है उस कार्यकर्ता का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता।नायक ने कहा की हर वर्ग हर तबके हर समुदाय हर जाति उप जाति सभी के समावेश के साथ कांग्रेस पार्टी की ऐसी टीम तैयार करेंगे जिससे आने वाले निगम चुनाव में कांग्रेस पार्टी का बोर्ड और मेयर बनाया जा सके और यकीन मानिए की जिन जिन कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति पूरी ईमानदारी से कार्य किया है उनको उचित प्रतिनिधित्व और सम्मान दिलानेकी जिमेददारी में लेती हु नायक ने कहा की हमे विगत बातो को भुलाकर आगे की सुध लेते हुए भाजपा के झूठ के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करना है जिसमे हम जनता की तकलीफों को दूर करने का कार्य भी करेंगे और भाजपा के दोहरे चरित्र को जनता के सामने उजागर करेंगे। जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा की मानता हु लोकसभा चुनाव में हम रणनीतिक रूप से भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के पक्ष में मतदान नही करवा पाए लेकिन हकीकत ये भी है की जिमेदद्दार लोगो ने पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के लिए कार्य नही किया वरना आज परिणाम दुसरे होते गहलोत ने कहा की चुनाव के बाद की सारी स्थिति का अवलोकन हमने किया और जो जो कारण रहे जिसके कारण हम चुनाव हारे उसकी रिपोर्ट प्रभारी को सौप दी गई है और मुझे विश्वास है की कांग्रेस प्रभारी नायक महोदया इसके उपर गंभीरता से कार्यवाही करवाले का कार्य करेगी। यशपाल गहलोत ने कहा की हम सभी संघर्ष करते आए है और आगे भी हम पीछे नहीं हटेंगे जब पूरी की पुरी केंद्र सरकार राहुल गांधी को दबाने में लगी है फिर भी वो सत्य का साथ नही छोड़ रहे तो हमे भी उनसे सीख लेते हुए आम अवाम की आवाज को बुलंद करते हुए उनको उनका हक दिलाना है और हम ऐसा करेंगे संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बैठक का संचालन करते हुए विगत वार लोकसभा में हार पर ब्योरा दिया और अंत में राष्ट्रगान के साथ बैठक सम्पन्न हुई।प्रवक्ता विकास तंवर ने बताया की बैठक को प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह सांखला, प्रदेश सचिव साजिद सुलेमानी, नेता प्रतिपक्ष चेतना चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढा, ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर नागौरी, ब्लॉक अध्यक्ष शहजाद भुट्टा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिला पंचारिया, इंटक जिला अध्यक्ष महेंद्र देवड़ा, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष कमल कल्ला,वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाम मुस्तफा, हीरालाल हर्ष, मासूक अहमद, श्रीलाल व्यास, युथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष शबीर अहमद, जयदीप सिंह जावा फिरोज अहमद भाटी, रवि पुरोहित, आनंद जोशी, हरिप्रकाश वाल्मिकी, कर्नल शिशुपाल सिंह, नंदलाल जावा, जावेद पडिहार, अरविंद मिढ़ा, ओमप्रकाश लोहिया, पनालाल मेघवाल, राहुल जादुसंगत, मनोज किराडू, नरसिंह दास व्यास डॉ पीके सरीन, पार्षद महेंद्र बडगुजर, पार्षद ताहिर हसन,पार्षद मनोज जनागल, पार्षद प्रफुल हटीला, पार्षद सुरेंद्र सिंह, पार्षद अब्दुल वाहिद उर्फ बबलू,पार्षद सुनील गेदर ने संबोधित करते हुए अपनी बात रखी। प्रवक्ता अनिल सारडा ने बताया की इस अवसर पर पूनम नायक, बिरजाराम भील, मुमताज शेख मंजू देवी शर्मा, पुष्पा शर्मा, राज देवी शर्मा, वंदना गुप्ता, हाजिर खान, मैक्स नायक, रामनाथ आचार्य, मनोज व्यास, आरिफ भुट्टा, रविकांत वाल्मिकी, मोहमद आरिफ आदि मौजूद रहे।

# मांगों पर बनी सहमति, धरना स्थगित

**बीकानेर**, (कासं)। शिक्षा निदेशालय परिसर के कर्मचारी मैदान में शिक्षा विभागीय कर्मचारियों की ओर से अनिश्चितकालीन धरना लगाने के नोटिस के सम्बन्ध में अतिरिक्त निदेशक प्रशासन प्रतिभा देवठिया (आरएएस) से हुई वार्ता में बनी सहमति के अनुसार धरना स्थगित कर दिया गया हैं।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमलनारायण आचार्य ने बताया कि एक जुलाई को अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) प्रतिभा देवठिया के साथ दो दौर की वार्ता हुई। इसमें निम्नानुसार सहमति बनीष्ठ

मंत्रालयिक संवर्ग के अधिकारियों एवं कार्मिकों के पदस्थापन काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से किये जाने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को तत्काल भेज दिया जायेगा।कनिष्ठ लिपिक भर्ती परीक्षा 1986 के कार्मिकों के सम्बन्ध में निदेशालय द्वारा पत्र क्रमांक शिविरा/माध्य/सा.प्र./बी-1/या.स. 8621/बृजेश मिश्रा/2023 दिनांक 15 मई 2024 के द्वारा वरिष्ठ सहायकों के 477 एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारियों के 408 कुल 885 छायापदों की स्वीकृति के प्रस्ताव पर राज्य सरकार स्तर से तत्काल पद जारी करने के लिए निदेशक की ओर से अर्द्धशासकीय पत्र शासन को प्रेषित किया जायेगा।. केडर रिव्यू संशोधित पद 1 अप्रेल 2017 एवं 1अप्रेल 2023 को सम्मिलित करते हुए तीन सन्तान के मामलों में शासन स्तर से प्राप्त छायापदों को सम्मिलित करते हुए मण्डल स्तरों एवं निदेशालय स्तर पर समुचित कार्यवाही, दिव्यांगजनों के पदौन्नति में आरक्षण के प्रावधानों एवं पंचायती राज से आये कार्मिकों के मामले में रिव्यु डीपीसी की कार्यवाही अविलम्ब मण्डलों एवं निदेशालय स्तर पर की जायेगी। इस सम्बन्ध में मण्डल अधिकारियों को भी कठोर निर्देश जारी किये जायेंगे। निदेशालय में सामान्य प्रशासन के मंत्रालयिक कर्मचारियों के डीपीसी कार्य को सफलतापूर्वक एवं समयबद्ध सम्पन्न कराने हेतु एक प्रशासनिक अधिकारी एवं एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी को लगाने के आदेश तत्काल जारी किये जायेंगे।2017-18 से लेकर वर्ष 2024-25 तक की रिव्यु एवं नियमित डीपीसी जुलाई माह में ही जिलों, मण्डलों एवं निदेशालय स्तर पर कर दी जाएगी। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी किये जायेंगे।वार्ता में शिक्षा प्रशासन की ओर से प्रतिभा देवठिया आर.ए.एस अतिरिक्त निदेशक प्रशासन, इन्द्रा चौधरी उपनिदेशक प्रशासन, भूपेन्द्र सिंह चौहान अनुभाग अधिकारी सामान्य प्रशासन तथा संगठन की ओर से कमलनारायण आचार्य प्रदेशाध्यक्ष, मदनमोहन व्यास प्रदेश संस्थापक, राजेश व्यास प्रदेश संरक्षक, विष्णु पुरोहित प्रदेश परामर्शक, गिरजाशंकर आचार्य कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, राजेश पारीक प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नवरत्न जोशी प्रदेश कोषाध्यक्ष शामिल रहे। प्रदेशाध्यक्ष कमलनारायण आचार्य ने बताया कि शिक्षा प्रशासन से हुई वार्ता एवं सहमति को देखते हुए अतिरिक्त निदेशक प्रशासन प्रतिभा देवठिया के द्वारा दिये गये एक माह में कार्यवाही सम्पन्न करने के ठोस आश्वासन एवं अनुरोध को स्वीकार करते हुए संघ ने 2 जुलाई 2024 से शिक्षा निदेशालय में दिये जाने वाले अनिश्चितकालीन धरने को स्थगित करने का निर्णय लिया है। इसकी सूचना शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक, अतिरित निदेशक प्रशासन, उपनिदेशक प्रशासन, समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, जिला कलेक्टर बीकानेर एवं पुलिस अधीक्षक बीकानेर को दे दी गई है।

## मानसून के आज प्रवेश करने की संभावना

**बीकानेर**, (कासं)। मानसून का इंतजार कर रहे बीकाणावासियों एवं किसानों के लिए खुशखबर है। जिले में तीन जुलाई को मानसून के प्रवेश करने की संभावना है। इसके अगले दिन यानी चार को बरसात होने के आसार हैं। जिले में बारिश का सिलसिला 6 जुलाई तक रहने की संभावना रहेगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि जुलाई के तीसरे सप्ताह बरसात का दौर कमजोर रहेगा। इसके बाद एक बार फिर बारिश की उम्मीद बनी रहेगी। कुल मिला कर जुलाई माह में रुक-रुक कर बरसात की संभावना निरंतर बनी रहेगी। मौसम विभाग का यह भी कहना है कि पश्चिमी राजस्थान के कुछ गांवों में 15 से 20 प्रतिशत तक बारिश में असमानता भी हो सकती है। फिर भी जुलाई में मानसून किसानों को नाराज नहीं करेगा।

उधर, सोमवार को मौसम ने दिन भर लोगों को परेशान किए रखा। हालांकि सुबह ठंडी हवा चलने से मौसम सुहावना लग रहा था, लेकिन बाद में धूप तेज निकलने के कारण ठंडी हवा लू में बदल गई और उमस से बुरा हाल हो गया। हालांकि शाम को आकाश में बादलों के आने से एक बार बरसात का मौसम भी बना, लेकिन अचानक आई आंधी के कारण बरसात की उम्मीद धूमिल हो गई।

# निर्माण कार्य पर विवाद, पुलिस पर किया पथराव

बीकानेर, (कासं)। शहर के सदर थाना इलाके में जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर हुए विवाद में पुलिस पर पत्थरबाजी की गई। जिसके चलते पुलिस को भी हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। बताया जा रहा है कि इस पत्थरबाजी में पुलिस के दो जवानों के चोटें भी आई है। कोटगेट थाना पुलिस ने इस मामले में दो जनों को पकड़ा है।

जानकारी के अनुसार महिला मंडल स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल के सामने ही अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के लोगों की ओर से विरोध किया जाने लगा। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बाद निर्माण किया जा रहा है। लेकिन मोहल्ले वाले मानने को तैयार नहीं हुए और उन्होंने निर्माणाधीन दीवार को तोडने शुरू कर दिया। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने पुलिस जाब्ते को बुलाया। भारी पुलिस जाब्ते के बीच निर्माण कार्य फिर से शुरू किया गया। इस बीच मोहल्ले के कुछ युवाओं व महिलाओं ने मौका देखकर पुलिस पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिये। पत्थरबाजी की इस घटना में पुलिस के दो जवान भी घायल हुए है। भीड़ को तीतर बितर करने के लिये पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा और आसपास की दुकानों व मकानों को बंद करवाया। फिलहाल मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। हालांकि इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया है। मौके पर बिगड़े हालात को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा,कोटगेट थानाधिकारी मनोज शर्मा,सदर थाने के कार्यवाहक एसएचओ कु लदीप चारण,सीआई विश्वजीत सिंह,सीआई राजेश,सीआई नरेश,एएसआई कमला सहित कोटगेट,सदर थाने के जवान,आरएसी के जवान शामिल रहे। इस पार्क को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है। इस जमीन को लेकर महिला मंडल स्कूल प्रबंधन ने पट्टेशुदा इस जमीन पर स्वामित्व जताया तो स्थानीय लोगों ने सार्वजनिक पार्क होने की बात कहते हुए विवाद किया था। जिसके बाद पुलिस की देखरेख में इस जमीन की चार दीवारी की गई थी। स्कूल प्रबंधन ने कोर्ट में स्कूल का पार्क होने का स्वामित्व होने पर वाद दायर किया हुआ था। जिस पर कोर्ट ने स्कूल प्रबंधन के पक्ष में फैसला सुनाया और पुलिस संरक्षण में इसका कब्जा दिलवाने के दिशा निर्देश दिए थे। स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव गजेंद्र सिंह ने बताया कि राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। उनकी स्कूल की यहां 4 हजार 563 वर्ग गज जमीन है। जिसमें से महज 1900 वर्ग गज जमीन के रूप में यह पार्क ही रह गया था। जिस पर निर्माण कार्य करवाते हुए मोहल्ले वासियों ने विरोध शुरू कर दिया। राज्य सरकार से स्वीकृत कागजात स्कूल के पास है।जूनागढ़ के पीछे महिला मंडल स्कूल के ठीक सामने स्थित इस जमीन पर अर्से से विवाद चल रहा है। ये जमीन महिला मंडल स्कूल का प्रबंधन अपनी बता रहा है,जबकि मोहल्लेवासी यहां म्रैदान बता रहे हैं। अर्से से निर्माण नहीं होने के कारण ये जमीन खाली पड़ी थी,जिसे सार्वजनिक उपयोग में लिया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन ने इस पर चारदीवारी बनाने का काम शुरू किया तब भी मोहल्ले के लोगों ने विरोध दर्ज कराया था।

# भोजन की गुणवत्ता व खेलकूद से जुड़ी व्यवस्थाओं का लिया फीडबैक

**बीकानेर**, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मंगलवार को नारी निकेतन, बालिका गृह एवं उड़ान सदन का निरीक्षण किया। उन्होंने उड़ान सदन में बाल विकास एवं संरक्षण समिति की बैठक ली।

जिला कलेक्टर ने उड़ान सदन में साफ-सफाई, भोजन, रसोई, अध्ययन सामग्री, मनोरंजन कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां स्वच्छ एवं घर जैसा वातावरण बनाए रखने को कहा, जिससे बालिकाओं को

- **कलेक्टर ने बाल विकास एवं संरक्षण समिति की बैठक ली**

**जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने उड़ान सदन, नारी निकेतन और बालिका गृह का किया निरीक्षण**

किसी प्रकार की परेशानी ना हो। यहां आवासित बालिकाओं से संवाद कर विद्यालय और अध्ययन, भोजन की गुणवत्ता एवं खेलकूद से जुड़ी व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। नारी निकेतन में मूलभूत सुविधाओं से लेकर नर्सिंग कक्ष, काउंसलिंग कक्ष व गृह संचालन का जायजा लिया। उन्होंने यहां बनाए गए हैंडीक्राफ्ट आइटम्स की सराहना की और कहा कि जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न मेलों व अमृता हाट आदि में इनकी स्टॉल्स लगाई जाए। जिला कलेक्टर ने बाल विकास और संरक्षण समिति की बैठक ली। यहां सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। बाहरी व्यक्ति का अनावश्यक प्रवेश नहीं हो। जरूरी होने पर आवश्यक जांच पड़ताल की जाए और इसका रिकॉर्ड संधारित हो। उन्होंने एडॉप्शन प्रोसेस, काउंसलिंग और बालिकाओं की उच्च शिक्षा आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एडॉप्शन के बाद भी बच्चों के रख-रखाव की मॉनिटरिंग व आवश्यक फीडबैक रखा जाए। राजकीय बालिका गृह अधीक्षक डॉ. शारदा चौधरी ने बताया कि केंद्र में सात बालिकाएं एवं एक शिशु बालक आवासित हैं। बालिकाएं अलग-अलग राजकीय एवं निजी विद्यालयों में पढ़ाई कर रही हैं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) उम्मेद सिंह रतनू, कोषाधिकारी धीरज जोशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग संयुक्त निदेशक एल.डी पवार, बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक अरुण सिंह शेखावत, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका, पत्रकार लक्ष्मण राघव और डॉ. दीपाली धवन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**बीकानेर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला शाखा बीकानेर द्वारा प्रान्तीय कार्यकारिणी के आव्हान पर जिला कलेक्टर के मार्फत शिक्षा मंत्री को कक्षा प्रथम में प्रवेश की न्यूनतम आयु पूर्व की भांति पाँच वर्ष करने के लिए ज्ञापन सौंपकर सरकार के इस प्रतिगामी निर्णय को निरस्त करने की मांग की गई है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र भाटी ने बताया कि सरकार के इस आदेश से राजकीय विद्यालयों में प्रथम कक्षा में नामाकंन पर संकट के बादल मंडरा रहे है जिससे सार्वजनिक शिक्षा को सबसे ज्यादा खतरा है। जिलामंत्री महेन्द्रपाल ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की दिशा में उठाये गये कदम के तहत कक्षा प्रथम में प्रवेश की न्यूनतम आयु छह वर्ष कर दी गई है जिससे राजकीय विद्यालयों में प्रथम कक्षा के अस्तित्व पर ही संकट उत्पन्न हो गया है। जिससे राजकीय विद्यालयों में नामांकन भी घटने की आंशका है और सार्वजनिक शिक्षा का स्तर भी इससे प्रभावित होगा। आज के ज्ञापन कार्यक्रम में प्रदेश उपसभाध्यक्ष रेवन्तराम गोदारा,बालाराम मेघवाल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह भाटी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमेन्द्र बाना,कोषाध्यक्ष जयपाल कुकणा,पूर्व जिलाध्यक्ष आदूराम मेघवाल,पूर्व जिलामंत्री भंवर सांगवां,श्याम देवड़ा, नगर मंत्री देवेन्द्र जाखड़,बीकानेर देहात अध्यक्ष गणेश चौधरी सहित शिक्षक संघ शेखावत से जुड़े विभिन्न शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी गौरव सम्मान सात को

**बीकानेर**, (कासं)। शिक्षक संघ एलीमेन्ट्री सैकेण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा 7 जुलाई को कॅरियर गाइडेंस व मेधावी विद्यार्थियों को विद्यार्थी गौरव सम्मान व शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन बीकानेर में किया जा रहा है । समारोह के सफल आयोजन के लिए संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई,जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी,जिला महामंत्री पवन शर्मा,जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा,विधि सहलाकार हनुमान शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल आचार्य ने विधायक जेठानंद व्यास, सहायक निदेशक आयकर विभाग अरविंद कुमार मीना,सहायक आयुक्त केन्द्र वस्तु एवं सेवाकर भूपेंद्र छीपा,अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) डॉ.डीसी मीणा,मुख्य प्रबंधक एसबीआई महेन्द्र मीना,सहायक निदेशक पेंशन विभाग डॉ.राहुल गोठवाल,संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा राजकुमार शर्मा,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक गजानंद सेवग,आकाशवाणी केंद्र के कार्यक्रम प्रमुख अमित सिंह,एमएन शर्मा,एनएसपी कॉलेज प्राचार्य डॉ.प्रशांत बिस्सा,राजस्थानी भाषा एवं साहित्य अकादमी के सचिव शरद केवलिया, पीबीएम अस्पताल के सीएमओ डॉ.एलके कपिल,शिवशंकर चौधरी से मिलकर समारोह के लिए आमंत्रण पत्र दिए। प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने बताया की समारोह में जिले भर के मेधावी विद्यार्थियों व शिक्षको को गोल्ड मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा

### कर्मचारी व बच्चों को मिलेंगे 11 हजार

**बीकानेर**, (कासं)। शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों व शिक्षकों के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए खुशखबर है। उनको हितकारी निधि फंड से एकमुश्त 11 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके लिए प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं के आवेदन निर्धारित प्रपत्र में मांगे हैं। यह आवेदन 5 अगस्त तक निदेशालय को भेजने होंगे। इस राशि से बालकों को किताब, कॉपी, पेन, पेंसिल व अन्य पाठ्यसामग्री खरीदने में मदद मिलेगी।जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं की वर्ष 2024 की परीक्षा में शिक्षा विभाग तथा संस्कृत शिक्षा में कार्यरत कार्मिकों, अधिकारियों, शिक्षकों के ऐसे बच्चे जिन्होंने 70 फीसदी या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें यह छात्रवृति मिलेगी। प्राप्त आवेदनों में से प्रथम 1000 छात्र छात्राओं का चयन उन्हें प्राप्त अंकों की मेरिट से किया जाएगा। इनमें शिक्षा विभाग में कार्यरत कार्मिकों के 950 बच्चे होंगे। 50 विद्याथिर्यों का चयन संस्कृत शिक्षा विभाग में कार्यरत कार्मिकों के बच्चों में से होगा।उन्हीं कार्मिकों के बच्चे इस छात्रवृति के पात्र होंगे, जिनके अभिभावकों ने वित्तीय वर्ष 18-19 से 23-24 तक हितकारी निधि में अपना अंशदान दिया हो। इसके लिए आवेदन के साथ अंशदान कटौती विवरण तथा ईसीएस की प्रति साथ लगानी होगी। जिन कार्मिकों ने वित्तीय वर्ष 18-19 से 23-24 तक लगातार हितकारी निधि में अंशदान नहीं किया है, उनके बच्चे इस छात्रवृति के पात्र नहीं होंगे। इसके लिए संस्था प्रधान तथा अग्रेषण अधिकारी को आश्वस्त होने के बाद ही अनुशंसा भेजने को कहा गया है। ये छात्रवृति उन्हीं विद्याथिर्यों को मिलेगी जिन्हें माध्यमिक शिक्षा बोर्ड या अन्य स्त्रोत से इस प्रकार को कोई छात्रवृति प्राप्त नहीं की हो। अंतिम तिथि 5 अगस्त के बाद प्राप्त आवेदनों को इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

श्रीगंगानगर, (कासं)। सम्पूर्ण देशभर में 01 जुलाई से प्रभावी हुए नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) की अध्यक्षता में केन्द्रीय कारागृह में विधिक साक्षरता शिविर कर बंदीजन को जागरूक किया गया। एडीजे तेनगुरिया ने बंदीगण को सम्बोधित कर नवीन आपराधिक कानून के बारे में बताया कि आपराधिक प्रकरणों में त्वरित विचारण हेतु इलेक्ट्रॉनिक/वीसी के माध्यम से गवाही अतिशीघ्र की जायेगी। अपराध के घटनास्थल की अनुसंधान अधिकारी द्वारा अपराध की बरामदगी व जब्ती की वीडियोग्राफी करवाकर सबूत के तौर पर न्यायालय में अतिशीघ्र पेश किया जायेगा। मुकदमों का विचारण अतिशीघ्र करवाने व संगीन अपराधों में हथकड़ी का प्रयोग किया जायेगा। सम्मन/नोटिस की तामील भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से करवाने के प्रावधान के बारे में बताया गया। शिविर के दौरान अधीक्षक अभिषेक शर्मा व ओमप्रकाश कारापाल, केन्द्रीय कारागृह, रोहताश यादव, चीफ एलएडीसीएस, बारसंघ अध्यक्ष विजय चावला व अन्य अधिवक्तागण सहित जेल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### दो मेडिकल स्टोर के अनुज्ञापत्र निरस्त

**श्रीगंगानगर**, (कासं)। जिले में नशे के औषधियों की अवैध क्रय-विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला कलक्टर के आदेशों पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग की औषधि विंग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर की जांच व निरीक्षण किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की कमियां व अनियमितता पाये जाने पर 2 मेडिकल स्टोर के अनुज्ञा पत्र निरस्त किये गये हैं। सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि सुपर मेडिकल स्टोर सूरतगढ़ तथा गणेश मेडिकल स्टोर रायसिंहनगर का अनुज्ञापत्र निरस्त किये गये हैं।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2024-25/6225-37 निविदा सूचना/2024-25 Date:02.07.2024

निम्न लिखित परियोजना पर पथकर वसूली हेतु ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | आरक्षित राशि (रू.) | निविदा सूचना |
|---|---|---|
| Collection of Toll Tax on following Road for a period of 02 years- | | अल्पकालीन |
| "Fatehnagar-Dariba & Mangalwar-Nimbahera Road" UBN: RRC2425SLRC00106 | 585.01 Lakh | ई-041/24-25 |
| (1)"Hanumangarh-Suratgarh Road." UBN:RRC2425SLOB00107 | 449.77 Lakh | ई-042/24-25 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

**रावतभाटा राजस्थान साईट, एनपीसीआईएल**
**ईओआई आमंत्रण संख्या**
**आरआरसाईट/सीएसआर/2024-25/3**

एन.पी.सी.आई.एल., आरआर साईट, सीएसआर और स्थिरता परियोजनाओं का प्रभाव आकलन के निष्पादन के लिए पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्ट और स्वायत्त संगठन आदि से ईओआई आमंत्रित करती है। परियोजना की अनुमानित लागत रूपये 13,75,000/- (रूपये तेहरा लाख पिहत्तर हजार) है। उपरोक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाले इच्छुक पक्ष www.npcil.nic.in से दस्तावेज डाउनलोड कर सकते है या अधोहस्ताक्षरी से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है। प्रस्ताव 20.07.2024 को 10.00 बजे तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
संबंधित व्यक्ति-श्री सुनीश सक्सेना, प्रोजेक्ट प्रभारी, आर आर साइट।
ईमेल sunishsaxena@npcil.co.in मोबाइल- 9413356828
CBC 48132/12/0005/2425